कृषि की पैदावार बढ़ाना

976. **श्री रामजीलाल** : क्या **कृषि** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) सरकार ने बढ़ती हुई जनसंख्या को देखते हुए कृषि पैदावार बढ़ाने हेतु गत दो वर्षो में कौन-कौन से नए तरीके अपनाए है; और

(ख) विभिन्न राज्यों में बीजों की नई किस्मों के संबंध में अनुसंधान कार्य हेतु क्या-क्या उपाय किए गए हैं, ताकि आने वाले वर्षो में बढ़ती हुई जनसंख्या के अनुपात में कृषि की पैदावार प्राप्त की जा सके?

कृषि मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मोहम्मद अयूब खान) : (क) आठवीं योजना के दौरान चावल, गेहूं, मोटे अनाजों तथा गन्ने पर आधारित फसल प्रणाली क्षेत्रों में समेकित अनाज विकास कार्यक्रम आरम्भ किए गये है । इसके अलावा, कपास, पटसन, तिलहनों और दलहनों के लिये फसल विशिष्ट विकास कार्यक्रम चलाये गये हैं । इन कार्यक्रमों का उद्देश्य इन फसलों की प्रति हैक्टेयर पैदावार सुधारना है । इन कार्यक्रमों के अंतर्गत शामिल कार्यकलापों में जैविक कृमिनाशियों का उपयोग और समेकित कृमि प्रबन्ध, मृदा की स्थिति सुधारने तथा उसकी उत्पादकता बढ़ाने के लिये समस्या वाली मृदा में कार्बनिक पदार्थो और मृदा सुधारकों का उपयोग और कम उत्पादकता स्तरों वाले प्रखंडो/क्षेत्रों का विकास करना शामिल है ।

(ख) बीज अनुसंधान पर निम्नलिखित परियोजनाएं विभिन्न राज्यों में चल रही है:-

1. राष्ट्रीय बीज परियोजना (फसलें),

2. संकर और चयनित फसलों के लिये अनुसंधान और विकास प्रयासों को बढ़ाना देना।

3. वार्षिक तिलहन फसलों पर प्रजनक बीज का उत्पादन ।

4. विश्व बैंक की सहायता प्राप्त राष्ट्रीय बीज परियोजना-चरण-III

बीज अनुसंधान कार्य भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान, नई दिल्ली तथा देश के 26 कृषि विश्वविद्यालयों में भी किया जाता हैं, जिनके यहां बीज अनुसंधान कार्य करने के लिये अलग विभाग हैं । हाल ही में निर्मुक्त करने के लिए सिफारिश की गई संकर किस्मों में से कुछ किस्में इस प्रकार है:-

- चावल :त्वरित मिशन मोड संकर चावल अनुसंधान कार्यक्रम के माध्यम से

भारत संकर चावल की प्रौद्योगिकी का लाभ प्राप्त करने वाला दुनिया में चीन के बाद दूसरा देश बन गया है संकर चावल

की चार किस्में पहले ही निर्मुक्त की जा चुकी हैं ।

- **मोटे अनाज :** सूखा प्रवण स्थितियों के लिये उपयुक्त मक्का तथा बाजरा की कम

मक्का तथा बाजरा की कम अवधि में पकने वाली संकर किस्में

विकसित की गई हैं । रबी में खेती के लिये संकर सौरघम का भी

विकास किया गया है ।

-कपास :उत्तर पश्चिमी भारत में पहली बार संकर कपास प्रौद्योगिकी का

लाभ प्राप्त किया गया है जिसके फलस्वरूप पंजाब में "फतेह"

हरियाणा में "धनलक्ष्मी" और राजस्थान में "राज एच.एच. 16"

नामक किस्में निर्मुक्त की गई जिससे मध्यम रेशे वाली कपास

के उत्पादन की क्षमता बढ़ गई है ।

-दलहन और तिलहन

- अधिक उपज देने वाली दलहनों की 16 किस्मों का पता लगाया गया है ।

-सूरजमुखी और अरण्डी की संकर किस्में तिलहनों की उत्पादकता और

और उत्पादन बढ़ाने में बहुत सहायक हो रही है । तोरिया और सरसों को

सरसों को आगे और अधिक बढ़ावा देने के लिये तथा राष्ट्रीय अनुसंधान

केन्द्र स्थापित किया गया है ।

-फल

अमरूद की सी.आई.एस.एच-एम-I और लाल रंग की किस्म निर्मुक्ति हेतु संस्तुत की गई है । नियमित रूप से फल देने वाली दशहरी की एक किस्म का पता लगाया गया है । काजू की एक किस्म "प्रियंका" जिसकी 2 मीटरी टन प्रति हैक्टेयर पैदावार है, संस्तुत की गई है । नारियल की एक "फिलीपीन्स साधारण" किस्म तथा कर्नाटक और अण्डमान के मैदानी इलाकों के लिये सुपारी की दो किस्में निर्मुक्ति हेतु संस्तुत की गई हैं ।

Use of Phosphatic and Potassic Fertilizers

977. SHRI VIREN J. SHAH:
SHRI PRAMOD MAHAJAN:

Will the Minister of AGRICULTURE be pleased to state:

(a) whether Government are aware that there has been a continuous decline in the use of phosphatic and potassic fertilizers in the country.